# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.03.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. राजधानी श्री विजयपुरम में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की राज्यस्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के विषय – आधार का अधिकतम प्रभाव कैसे प्राप्त करें के अंतर्गत डिजिटल प्रशासन और पारदर्शिता के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई।
2. आसमान में चांद दिखाई देने के साथ कल मनाया जाएगा ईद–उल–फितर का त्योहार।
3. अंडमान निकोबार प्रशासन की नई पहल – भ्रष्टाचार के विरूद्ध नागरिक सक्रियता और पारदर्शिता को प्रोत्साहित करने के लिए भ्रष्टाचार विरोधी हेल्पलाइन शुरू की गई।
4. भारतीय सेना में करियर के अवसरों पर विशेष जागरूकता सत्र में प्रवेश योजना और तैयारियों की रणनीतियों पर मार्गदर्शन किया गया।

<><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम् में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण अर्थात् UIDAI राज्यस्तरीय कार्यशाला जिसका विषय "आधार का अधिकतम प्रभाव कैसे प्राप्त करें" का आयोजन अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में RO हैदराबाद द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आधार के महत्व, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजनाओं में इसके उपयोग और नागरिकों तक लाभ पहुँचाने की प्रक्रियाओं को व्यापक रूप से साझा करना था। कार्यशाला का शुभारंभ सुबह साढ़े दस बजे पंजीकरण के साथ हुआ। अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने प्रमुख अतिथियों पी. संगीता, उप महानिदेशक, UIDAI RO हैदराबाद, भुवनेश कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, विवेक चंद्र वर्मा, उप महानिदेशक (आधार उपयोग प्रभाग), भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण मुख्यालय; सौरभ के तिवारी, अतिरिक्त सचिव, DBT मिशन, कैबिनेट सचिवालय, भारत सरकार; और देबराज रथ, निदेशक, UIDAI राज्य कार्यालय, भुवनेश्वर के साथ दीप प्रज्वलित किया। जनजागरुकता के इस कार्यक्रम में UIDAI RO हैदराबाद, भुवनेश कुमार ने लगभग आधा घंटे तक आधार सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। तत्पश्चात् मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने वोटर कार्ड और जनगणना के बीच के अंतर को बताते हुए आधार की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर दक्षिण अंडमान की जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग सहित द्वीप समूह के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यशाला में अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले ऑपरेटरों का सम्मान किया गया और आधार उपयोग की मुख्य बातें साझा की गई।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीप समूह में कल ईद–उल–फितर का त्योहार मनाया जाएगा। आसमान में चांद दिखाई देने के कारण हिलाल समिति ने कल ईद–उल–फितर की घोषणा की है। दिलानीपुर मस्जिद में कल सुबह साढ़े सात बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी, जबकि जामा मस्जिद टुशनाबाद में सवेरे आठ बजकर बीस मिनट में ईद की नमाज पढ़ी जाएगी।

<><><><><><><>

भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण ने देश में विमानन सुरक्षा और दिशा निर्धारण मानकों को सुदृढ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। प्राधिकरण ने कहा है कि उसकी उड़ान निरीक्षण टीम ने रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे में महत्वपूर्ण हवाई दिशा निर्धारण प्रणाली का निरीक्षण किया। प्राधिकरण ने बताया कि ये प्रणाली विमान उतरते समय और विशेष रूप से कम दृश्यता वाली स्थितियों के दौरान सटीक मार्गदर्शन के लिए अनिवार्य है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस भ्रष्टाचार विरोधी इकाई ने भ्रष्टाचार की सार्वजनिक रिपोर्टिंग को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक समर्पित हेल्पलाइन नंबर 95–31–822–221 शुरू किया है। यह पहल पारदर्शिता, सुलभता और जनभागीदारी को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से नागरिक सीधे वॉइस कॉल, टेक्स्ट मैसेज, व्हाट्सएप संदेश, इमेज, दस्तावेज़ या अन्य प्रासंगिक सबूत भेजकर भ्रष्टाचार की रिपोर्ट कर सकते हैं। कॉल और मैसेजिंग दोनों को सपोर्ट करने वाला यह सुविधा केंद्र नागरिकों के लिए सरल, त्वरित और उपयोगी संपर्क बिंदु प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त,

शिकायतें कार्यालय के लैंडलाइन नंबरः 03192—240840, 03192—244698 या ईमेल के माध्यम से भी कर सकते है।

<><><><><><>

विश्व गौरैया दिवस आज समूचे विश्व में मनाया जा रहा है। यह दिवस गौरैया की आबादी में तेजी से आ रही गिरावट को लेकर जागरूकता बढ़ाने संबंधी वार्षिक प्रयास को दर्शाता है। इको—सिस एक्शन फाउंडेशन के सहयोग से नेचर फॉरएवर सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा 2010 में शुरू हुआ यह दिवस इस छोटी चिड़िया के लिए बढ़ते खतरों का संकेत देता है।

<><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में भारतीय सेना में करियर अवसरों को लेकर एक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों को भर्ती प्रक्रिया, पात्रता मानदंड और सशस्त्र बलों में प्रवेश के विभिन्न विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस सत्र का संचालन चेन्नई भर्ती मुख्यालय के सहायक भर्ती अधिकारी आर. के. सेंगर द्वारा किया गया। अपने संबोधन में श्री सेंगर ने 10वीं, 12वीं, डिप्लोमा और डिग्री के बाद उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय सेना में करियर बनाने के लिए अनुशासन, शारीरिक दक्षता और समर्पण अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विभिन्न प्रवेश योजनाओं, करियर पथों और तैयारी की रणनीतियों को एक रोचक प्रस्तुति के माध्यम से समझाया, जिससे छात्रों को सेना में शामिल होने की प्रक्रिया को लेकर स्पष्ट मार्गदर्शन मिला। सत्र के दौरान उन्होंने छात्रों को भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से चल रहे ऑनलाइन पंजीकरण की जानकारी भी दी, जो 1 अप्रैल तक खुला है। साथ ही उन्होंने इच्छुक छात्रों को पंजीकरण प्रक्रिया में व्यक्तिगत सहायता प्रदान करने की भी बात कही। इस कार्यक्रम में डिप्लोमा और बी.टेक पाठ्यक्रमों के कुल 227 छात्र—छात्राओं तथा संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित अंडमान कॉलेज में आज दक्षता 1.0 कार्यक्रम के प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें उनासी छात्रों को योगा, टैली विथ GST, आईटी प्रोफेशनल स्किल्स और फिजिकल फिटनेस पाठ्यक्रमों की सफलता के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एस. जयकुमार और SDP नोडल अधिकारी डॉ. बी.एस.वी. मीरा सेटी उपस्थित रहे, उन्होंने छात्रों को कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अकादमिक अध्ययन के साथ व्यावहारिक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, कॉलेज ने अकादमिक वर्ष 2026—27 के लिए दक्षता 2.0 की घोषणा की, जिसमें 10 नए कौशल—प्रधान पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे, जैसे इनकम टैक्स प्रैक्टिशनर, बिजनेस एनालिटिक्स, डेटा एनालिटिक्स, टूरिज्म और हिंदुस्तानी क्लासिकल म्यूजिक शामिल है।

<><><><><><>

बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय, रंगत द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आंगनवाड़ी—सह—क्रेच कार्यकर्ताओं के पदों के लिए साक्षात्कार की तिथियों की घोषणा की गई है। रंगत क्षेत्र के लिए 25 मार्च सुबह दस बजे प्रमुख पंचायत समिति कार्यालय, और मायाबंदर के लिए 27 मार्च पंचायत समिति प्रमुख के कार्यालय, में ली जाएगी। उम्मीदवारों की सूची संबंधित ग्राम पंचायतों और समाज कल्याण विभाग के पोर्टल पर जारी की गई है।

<><><><><><>